दिनांक 02.11.2020

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

दक्षिण गंगोत्री में अतिक्रमण करने वाले को निगम की टीम ने किया बेदखल

भिलाईनगर/ अवैध रूप से बांस बल्ली से झोपड़ी बनाकर अतिक्रमण करने वाले के विरुद्ध जोन 01 की टीम ने बेदखली की कार्यवाही की। निगम की व्यवसायिक जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने वाले के खिलाफ मोहल्ले के लोगों ने शिकायत की थी जिसे हटाया गया। निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने अतिक्रमण व अवैध रूप से निर्माण करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश जोन आयुक्तों को दिए है। जोन क्रमांक 01 नेहरूनगर के आयुक्त सुनील अग्रहरि की तोड़फोड़ की टीम मौके पर पहुंची और बेदखली की कार्यवाही करते हुए दो स्थानों पर बने झोपड़ी को हटाकर खाली करवाया। जोन 01 सहायक राजस्व अधिकारी शरद दूबे ने बताया कि रेलवे किनारे दक्षिण गंगोत्री में निगम की व्यवसायिक जमीन पर दो व्यक्तियों द्वारा झोपड़ी बनाकर अतिक्रमण किए थे जिसे बेदखली की कार्यवाही की गई। अतिक्रमण करने वालों को तीन दिन पूर्व स्वयं से कब्जा हटाने के लिए कहा गया था बावजूद नहीं हटाया गया था। जोन आयुक्त के निर्देश पर आज जोन 01 के राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और दो स्थानों पर बांस बल्ली से बनाए गए झोपड़ी को बेदखल करने की कार्यवाही करते हुए सामान को जप्त किया गया।

जनसम्पर्क अधिकारी